# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 05/11/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** कोई दुकानदार, 21% हानि के साथ ₹450.30 में एक वस्तु बेचता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 521 B). 485 C). 429 D). 570

**Correct Answer: D**

**Q.2** एक व्यक्ति ने एक निश्चित राशि को अपने तीन पुत्रों में 3 : 4 : 5 के अनुपात में विभाजित किया। यदि वह राशि को $\frac{1}{3}:\frac{1}{4}:\frac{1}{5}$ के अनुपात में विभाजित करता, तो वह पुत्र, जिसे पहले सबसे कम हिस्सा मिलता, उसे ₹1,188 अधिक मिलते। राशि की गणना करें (₹ में)।

**Ans** A). 6678 B). 6687 C). 6876 D). 6768

**Correct Answer: D**

**Q.3** किसी कारखाने में, 25 अकुशल श्रमिकों का औसत मासिक वेतन ₹11,950 है, 20 मैकेनिकों का औसत मासिक वेतन ₹24,000 है और 5 सुपरवाइज़रों का औसत मासिक वेतन ₹35,000 है। सभी कर्मचारियों का औसत मासिक वेतन कितना है?

**Ans** A). ₹19,180 B). ₹19,075 C). ₹19,055 D). ₹19,225

**Correct Answer: B**

**Q.4** तेल के एक अर्ध-गोलाकार पात्र के किनारे की गोलाई 396 cm है। पात्र का $\frac{1}{3}$ आयतन खाली है। इस तेल को 2.1 cm त्रिज्या वाले छोटे अर्ध-गोलाकार कटोरे में स्थानांतरित करना है। कितने कटोरों की आवश्यकता होगी?
($\pi$ = 22/7 लीजिए)

**Ans** A). 9000 B). 900 C). 27000 D). 18000

**Correct Answer: D**

**Q.5** एक आयत की लंबाई, उस वर्ग की भुजा का चार-पाँचवाँ भाग (four-fifths) है, जिसका क्षेत्रफल 1225 इकाई$^2$ है। यदि आयत की चौड़ाई 12 इकाई है, तो आयत का क्षेत्रफल (इकाई$^2$ में) कितना है?

**Ans** A). 225 B). 300 C). 425 D). 336

**Correct Answer: D**

**Q.6** 5 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 740 B). 660 C). 700 D). 640

**Correct Answer: C**

**Q.7** एक सुपरमार्केट, ₹19,000 अंकित मूल्य वाले मोबाइल फोन पर दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। दी जाने वाली पहली छूट 14% है। यदि ग्राहक फोन के लिए ₹15,048 का भुगतान करता है, तो दूसरी छूट (दो दशमलव अंक तक पूर्णांकित) कितनी थी?

**Ans** A). 8.00% B). 7.51% C). 7.91% D). 9.26%

**Correct Answer: C**

Q.8

दी गई तालिका का संदर्भ लीजिए और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| मद | मासिक व्यय (हजारों में) |
|---|---|
| श्रम | 30 |
| कच्चा माल | 60 |
| ब्याज | 50 |
| किराया | 40 |

कच्चा माल एवं श्रम पर व्यय, कुल व्यय का कितना प्रतिशत है?

**Ans** A). 55% B). 50% C). 45% D). 40% **Correct Answer: B**

---

**Q.9** एक शून्येतर संख्या और उसके वर्ग का औसत उस संख्या का 7 गुना है। वह संख्या कौन-सी है?

**Ans** A). 14 B). 91 C). 13 D). 7 **Correct Answer: C**

---

**Q.10** एक व्यापारी ने एक लैपटॉप को ₹88,000 में बेचकर कुछ लाभ अर्जित किया, जो उसी लैपटॉप को ₹72,000 में बेचने पर हुई हानि के बराबर है। यदि वह लैपटॉप को ₹96,000 में बेचता, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होता?

**Ans** A). 25% B). 20% C). 37.5% D). 31.7% **Correct Answer: B**

---

**Q.11** एक समलंब की समांतर भुजाएं 6 इकाई और 10 इकाई हैं। अन्य दो विपरीत भुजाओं में से प्रत्येक की लंबाई 8 इकाई है और दो विकर्ण समान लंबाई के हैं। समलंब का क्षेत्रफल (वर्ग इकाई में) कितना है?


**Ans** A). $32\sqrt{5}$ B). $16\sqrt{3}$ C). $16\sqrt{15}$ D). $32\sqrt{3}$ **Correct Answer: C**

---

**Q.12** प्रथम 10 प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 50 B). 55.5 C). 5.5 D). 50.5 **Correct Answer: C**

**Q.13** दिए गए बार-ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिया गया बार-ग्राफ जीवविज्ञान, गणित और रसायनविज्ञान में कक्षा XI के पाँच वर्गों के लिए वार्षिक परीक्षा औसत अंक दर्शाता है। प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक 100 हैं।




पाँच वर्गों के जीवविज्ञान में प्राप्त औसत अंकों और रसायनविज्ञान में प्राप्त औसत अंकों के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2 : 5 B). 459 : 457 C). 59 : 37 D). 1 : 3

**Correct Answer: B**

**Q.14** दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 4 है। तो, उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) होगा:

**Ans** A). 28 B). 38 C). 48 D). 24

**Correct Answer: C**

**Q.15** 296 m लंबी एक ट्रेन 72 km/h की चाल से चल रही है। यह 144 m लंबे पुल को कितने समय में पार करेगी?

**Ans** A). 27.5 सेकंड B). 25 सेकंड C). 30 सेकंड D). 22 सेकंड

**Correct Answer: D**

**Q.16** 5 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1165 B). 1085 C). 1125 D). 1065

**Correct Answer: C**

**Q.17** साधारण ब्याज की किस दर पर कोई धनराशि 12 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans** A). $18\%$ B). $16\frac{2}{3}\%$ C). $12\%$ D). $8\frac{1}{3}\%$

**Correct Answer: D**

**Q.18** एक पुस्तकालय में सोमवार को औसतन 768 आगंतुक आते हैं, और अन्य दिनों में 258 आगंतुक आते हैं। मंगलवार से शुरू होने वाले 30 दिन के महीने में प्रति दिन आगंतुकों की औसत संख्या ज्ञात करें।

**Ans** A). 236 B). 263 C). 362 D). 326

**Correct Answer: D**

**Q.19** यदि $\sqrt{5} : \sqrt{42} :: \sqrt{7} : x$ है, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{6}{5}\sqrt{30}$ B). $\frac{6}{5}\sqrt{42}$ C). $\frac{7}{5}\sqrt{42}$ D). $\frac{7}{5}\sqrt{30}$

**Correct Answer: D**


**Q.20** एक चोर एक पुलिसकर्मी से 150 मीटर की दूरी पर है। यदि चोर की चाल 93 km/h है और पुलिसकर्मी की चाल 108 km/h है, तो पुलिसकर्मी द्वारा चोर को पकड़ने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 32 सेकंड B). 40 सेकंड C). 36 सेकंड D). 38 सेकंड


**Correct Answer: C**


## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


Q.1 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

Q.2 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ कागज़, कलम हैं। सभी पेंसिलें, कलम हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ कलम, पेंसिलें हैं।

निष्कर्ष (II): कुछ कलम, कागज़ हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: C**

---

Q.3 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
41 ÷ 6 + 99 × 3 − 9 = ?

Ans A). 224 B). 222 C). 220 D). 226

**Correct Answer: B**

---

Q.4 छः व्यक्ति P1, P2, P3, P4, P5 और P6 एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P2, P5 के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। P2 के बाएँ से गिनती करने पर P2 और P6 के बीच में एक व्यक्ति बैठा है। P3 और P2 क्रमशः P5 और P4 के पड़ोसी नहीं हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

I. P1 के दाएँ से गिनती करने पर P1 और P6 के बीच में एक व्यक्ति बैठा है।
II. P3, P2 का निकटतम पड़ोसी है।

Ans A). केवल I B). न तो I और न ही II C). I और II दोनों D). केवल II

**Correct Answer: D**

---

Q.5 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SWS, TUQ, USO, VQM, ?

Ans A). VOK B). VOL C). WOK D). WOL

**Correct Answer: C**

---

Q.6 एक निश्चित कूट भाषा में, 'will you go' को 'rp zs tu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'you come here' को 'ar cm tu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस कूट भाषा में 'you' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). rp B). zs C). ar D). tu

**Correct Answer: D**

---

Q.7 एक निश्चित कूट भाषा में 'get a driver' को 'ki jo hu' के रूप में लिखा जाता है और 'better get out' को 'ji hy ki' के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'get' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). hy B). ji C). ki D). jo

**Correct Answer: C**

---

Q.8 A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। B, A के दाएँ से दूसरे स्थान पर और C के ठीक बाएँ बैठा है। C, D के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। F, A के ठीक दाएँ बैठा है। E, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के बाएँ से गिनती करने पर D और A के बीच में कितने लोग बैठे हैं?

Ans A). एक B). एक भी नहीं C). दो D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GIRL' को '3571' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TAGS' को '4685' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 8 B). 4 C). 3 D). 5


**Correct Answer: D**

**Q.10** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(10, 360, 3)
(12, 720, 5)
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)


**Ans** A). (13, 1009, 7) B). (8, 576, 6) C). (17, 816, 3) D). (11, 956, 8)


**Correct Answer: B**


**Q.11** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे "?" के स्थान पर रखे जाने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: D**


**Q.12** 11, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 65 से संबंधित है। 16, समान तर्क का अनुसरण करते हुए 90 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 21, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?



(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 112 B). 115 C). 113 D). 114

**Correct Answer: B**

**Q.13** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: B**

**Q.14** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

22 × 484 ÷ 44 – 93 + 12 = ?

**Ans** A). 86 B). 68 C). 38 D). 83

**Correct Answer: D**

**Q.15** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर CHUM एक निश्चित प्रकार से DJVO से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, NOPA, OQQC से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DYIE निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). EAJG B). CBGI C). CCHI D). DBHG

**Correct Answer: A**

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी किताबें, रैक हैं।**
**सभी मेज़ें, किताबें हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कम से कम कुछ रैक, मेज़ें हैं।**
**(II) सभी रैक, किताबें हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CLOSE' को '48793' लिखा जाता है और 'LOSER' को '89243' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'R' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). 8 B). 2 C). 7 D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।


**12, 16, 22, 32, ?**

**Ans** A). 46 B). 47 C). 44 D). 45


**Correct Answer: A**


---


**Q.19** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.20** HN74 एक निश्चित तरीके से TZ55 से संबंधित है। XD60 उसी तरीके से JP41 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, ZF55 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). RL36 B). RL46 C). LR36 D). LR46

**Correct Answer: C**

---

## Section : General Awareness

**Q.1** फतेहपुर सीकरी में स्थित पंच महल (Panch Mahal) पैलेस मुगल सम्राट ________ ने बनवाया था।

**Ans** A). जहाँगीर B). शाहजहाँ C). बाबर D). अकबर

**Correct Answer: D**

---

**Q.2** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी पर बल देता है?

**Ans** A). अनुच्छेद 42B B). अनुच्छेद 43A C). अनुच्छेद 46D D). अनुच्छेद 44C

**Correct Answer: B**

Q.3 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| | कृति | लेखक |
|---|---|---|
| 1 | राजतरंगिणी | कल्हण |
| 2 | गीत गोविंद | चंदबरदाई |
| 3 | विक्रमार्जुन - विजय | पम्पा |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से युग्म सही रूप से सुमेलित है/हैं?

Ans A). 1 और 3 दोनों B). केवल 2 C). केवल 3 D). 1 और 2 दोनों Correct Answer: A

Q.4 जुलाई 2023 तक की स्थिति के अनुसार, वाराणसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य कौन था?

Ans A). नरेंद्र मोदी B). राजनाथ सिंह C). योगी आदित्यनाथ D). स्मृति ईरानी Correct Answer: A

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कॉलम-A को कॉलम-B से सही ढंग से सुमेलित करता है?

| कॉलम-A (कोशिका अंगक) | कॉलम-B (कार्य) |
|---|---|
| i. कोशिका झिल्ली | a. प्रोटीन संश्लेषण |
| ii. चिकनी अन्तः प्रद्रव्य जालिका | b. ग्लाइकोप्रोटीन और ग्लाइकोलिपिड के निर्माण का महत्वपूर्ण स्थल |
| iii. गोल्जी उपकरण | c. वसा (लिपिड) का संश्लेषण |
| iv. राइबोसोम | d. अणुओं का परिवहन |

Ans A). i-d, ii-c, iii-b, iv-a B). i-c, ii-d, iii-a, iv-b C). i-c, ii-d, iii-b, iv-a D). i-c, ii-a, iii-d, iv-b Correct Answer: A

Q.6 इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान (Indravati National Park) किस राज्य में स्थित है?

Ans A). त्रिपुरा B). छत्तीसगढ़ C). तमिलनाडु D). राजस्थान Correct Answer: B

Q.7 हॉकी का मैदान आयताकार होता है, जिसकी लंबाई 91.4 m और चौड़ाई ______ होती है।

Ans A). 50 m B). 60 m C). 70 m D). 55 m Correct Answer: D

Q.8 भारत में बराक नदी का नौगम्य खंड (Navigable Portion) लखीपुर से भांगा के बीच 121 km लंबा एक विस्तार (stretch) है, जिसे वर्ष 2016 में __________ घोषित किया गया?

Ans A). राष्ट्रीय जलमार्ग -8 (NW-8) B). राष्ट्रीय जलमार्ग -5 (NW-5) C). राष्ट्रीय जलमार्ग - 16 (NW-16) D). राष्ट्रीय जलमार्ग - 10 (NW-10) Correct Answer: C

Q.9 झावेरी बहनों (Jhaveri Sisters) को निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मंदिर परंपरा (temple tradition) को जीवित रखने के लिए जाना जाता है?

Ans A). सत्रीया B). मणिपुरी C). कथक D). कथकली Correct Answer: B

Q.10 ऐतिहासिक उपन्यास, 'ट्रेन टू पाकिस्तान' किसके द्वारा लिखा गया था?

Ans A). शशि थरूर B). जवाहर लाल नेहरू C). खुशवंत सिंह D). अरुंधति रॉय Correct Answer: C

Q.11 कण्व वंश (Kanva dynasty) को किस वंश ने परजीत किया था?

Ans A). कुषाण वंश B). शुंग राजवंश C). सातवाहन वंश D). शक वंश Correct Answer: C

Q.12 निशागांधी उत्सव (Nishagandhi festival) निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans A). उत्तराखंड B). केरल C). महाराष्ट्र D). झारखंड Correct Answer: B

Q.13 एड्स (AIDS) रोग उत्पन्न करने के लिए कौन-सा वायरस जिम्मेदार होता है?

Ans A). हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (Herpes simplex virus - HSV) B). ह्यूमन पैपिलोमावायरस (Human papillomavirus - HPV) C). इन्फ्लुएंजा वायरस (Influenza virus) D). ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (Human immunodeficiency virus - HIV) Correct Answer: D

**Q.14** मई 2023 में, सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली की शासन संरचना से संबंधित किस अनुच्छेद की व्याख्या की, जो संघवाद, सहभागी लोकतंत्र और सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों को रेखांकित करता है?

**Ans** A). अनुच्छेद 323A B). अनुच्छेद 226 C). अनुच्छेद 243B D). अनुच्छेद 239AA **Correct Answer: D**

**Q.15** अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (Muhammadan Anglo-Oriental College) की स्थापना ___________ द्वारा की गई थी।

**Ans** A). मुजफ्फर अहमद B). मोहम्मद अली जिन्ना C). सर सैयद अहमद खान D). मौलाना अबुल कलाम आजाद **Correct Answer: C**

**Q.16** राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (National Population Register), _______ और ________ के प्रावधानों के तहत तैयार किया गया था।

a. नागरिकता अधिनियम, 1965
b. नागरिकता कानून, 2004
c. नागरिकता अधिनियम, 1955
d. नागरिकता कानून, 2003

**Ans** A). a; c B). c; d C). a; b D). b; d **Correct Answer: B**

**Q.17** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य सबसे कम शहरीकृत है?

**Ans** A). बिहार B). छत्तीसगढ C). हिमाचल प्रदेश D). उत्तर प्रदेश **Correct Answer: C**

**Q.18** निम्न में से कौन-सा/कौन-सी भरतनाट्यम नृत्य कलाकार भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक, पद्म विभूषण 1977 के/की प्राप्तकर्ता हैं?

**Ans** A). मल्लिका साराभाई B). केलुचरण महापात्र C). टी. बालासरस्वती D). यामिनी कृष्णमूर्ति **Correct Answer: C**

**Q.19** राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय, जो कि लोकसभा के प्रत्येक सत्र के प्रारंभ में होता है, लोकसभा की गणपूर्ति की सदस्य संख्या कितनी होती है?

**Ans** A). एक तिहाई भाग (One-third) B). एक दसवाँ भाग (One-tenth) C). एक चौथाई भाग (One-fourth) D). एक बारहवाँ भाग (One-twelfth)

**Correct Answer: B**

**Q.20** इमानी शंकर शास्त्री (Emani Sankara Sastry) और दुरैस्वामी अय्यंगर (Doraiswamy Iyengar) दोनों का संबंध किस संगीत वाद्ययंत्र से है?

**Ans** A). घटम B). वायलिन C). बांसुरी D). वीणा **Correct Answer: D**

**Q.21** 2022 में अल्टीमेट खो-खो लीग (Ultimate Kho-Kho League) का उद्घाटन सत्र कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans** A). ठाणे B). पुणे C). अमरावती D). भुसावल **Correct Answer: B**

**Q.22** अधात्विक खनिज अभ्रक (mica) का उपयोग निम्नलिखित में से किस उद्योग में किया जाता है?

**Ans** A). सीमेंट उद्योग B). स्टील उद्योग C). विद्युत उद्योग D). काँच उद्योग **Correct Answer: C**

**Q.23** निम्नलिखित में से किसके खिलाफ भारत में पहली बार 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' को विरोध और संघर्ष के साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया था?

**Ans** A). साइमन कमीशन B). बंगाल विभाजन C). रोलेट एक्ट D). जलियाँवाला बाग हत्याकांड **Correct Answer: B**

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्व घाटे का सबसे अच्छा निरूपण करता है?

**Ans** A). राजस्व व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ B). प्राथमिक घाटा + राजकोषीय घाटा C). प्राथमिक घाटा - राजकोषीय घाटा D). राजस्व व्यय + राजस्व प्राप्तियाँ

**Correct Answer: A**

**Q.25** मिठाइयों को सजाने के लिए चांदी के बहुत पतले पत्रक तैयार करने के लिए धातुओं के निम्नलिखित दो गुणों में से किसका उपयोग किया जाता है?

**Ans** A). तन्यता और चमक B). चमक और ध्वानिक C). आघातवर्धनीयता और ध्वानिक D). आघातवर्धनीयता और चमक **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate meaning of the underlined word in the given sentence.
<u>Disclaimer</u> on products in the markets saves manufacturer from unusual results on usage.

**Ans** A). Guarantee B). Acceptance C). Clause D). Approval **Correct Answer: C**

**Q.2** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
She oftenly goes / shopping with / her friends / on Saturdays.

**Ans** A). her friends B). She oftenly goes C). shopping with D). on Saturdays **Correct Answer: B**

**Q.3** **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The company ran about of stock due to unexpectedly high demand for the product.**

**Ans** A). ran out of stock due to B). ran around of stock due to C). ran across of stock due to D). ran on of stock due to **Correct Answer: A**

**Q.4** **Select the option that expresses the given sentence in future continuous tense form.**
**Shall I meet you soon?**

**Ans** A). Will we be meeting soon? B). Shall I be meeting you soon? C). Shall I have met you soon? D). Will I be meeting you soon?

**Correct Answer: B**

**Q.5** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**
**He was appointed as the Manager.**

**Ans** A). Disordered B). Disappointed C). Dismissed D). Assigned **Correct Answer: C**

**Q.6** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Clear the decks**

**Ans** A). Prepare for an event or course of action by dealing with anything that might hinder progress B). To take something away C). To draw something down D). To remove unnecessary things for further work **Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the word that has the same meaning (SYNONYM) as the underlined word in the given sentence.**

**The doctor made a tentative diagnosis as he did not have the reports of her blood tests.**

**Ans** A). provisional B). tedious C). hazardous D). obsolete **Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

**Her team played exceptionally more well in the competition.**

**Ans** A). No substitution required B). most well C). more well D). well **Correct Answer: D**

**Q.9** **Select the option that rectifies the underlined spelling error.**

**The panel submited the findings to the ministry.**

**Ans** A). submittad B). submittd C). submitted D). sumitted **Correct Answer: C**

**Q.10** **Identify the error in the following sentence.**
**The zoo is under the street from the temple.**

**Ans** A). from B). zoo C). temple D). under **Correct Answer: D**

**Q.11** **Identify the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.**
**Enthusiasm is one of those vital elements that transforms an indivdual and his failures into victories and success.**

**Ans** A). Victories B). Indivdual C). Failures D). Success **Correct Answer: B**

**Q.12** **The following sentence has been split into four parts. Identify the part that contains a grammatical error.**

**A student becomes / dearer to the teachers / via participating and actively working / towards the glory of the school.**

**Ans** A). dearer to the teachers B). A student becomes C). via participating and actively working D). towards the glory of the school.

**Correct Answer: A**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I have never __________ this kind of pain before surgery.**

**Ans** A). practised B). trained C). dedicated D). experienced **Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment.**
**Despite the difficulties, Sarah started her business with great energy and hard work,and performed remarkably well in the industry.**

**Ans** A). hit the ground running B). let sleeping dogs lie C). hit the hay D). spilled the beans **Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution'.**

**No sooner had she enter her apartment than she found a bouquet of flowers on her table.**

**Ans** A). No substitution B). No sooner did she entered her apartment than C). No sooner did she enter her apartment than D). No sooner has she enter her apartment than

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** **Select the most appropriate degree to fill in the blank.**

**Doctors should never be ___________ than others when patients come for their treatment.**

**Ans** A). less caring B). most caring C). more caring D). least caring

**Correct Answer: A**

---

**Q.17** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**The mother told the child to erase the extra dots from the given graph.**

**Ans** A). Create B). Shatter C). Delete D). Efface

**Correct Answer: A**

---

**Q.18** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**The rules of behaviour which guide one in a formal situation**

**Ans** A). Impropriety B). Bargain C). Protocol D). Affidavit

**Correct Answer: C**

---

**Q.19** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Curious B). Bashful C). Anxious D). Cautios

**Correct Answer: D**

---

**Q.20** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**The order will be operational from 1st of November.**

**Ans** A). effective B). provoked C). considered D). scrapped

**Correct Answer: A**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indian villages showcase the country's rich culture and customs. Most Indians live in villages, (1)_______ agriculture, modest living and close-knit communities are the norms. Villagers wake up to roosters crowing and farm (2)_____ day. Farming is the main employment, and generations labour (3)____ the same land. Traditions, communal events and a slower pace (4)_____ village life from metropolitan life. Villagers' togetherness and shared duty make it part of India's identity, (5)_____ the lack of contemporary conveniences.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). which B). what C). where D). when

**Correct Answer: C**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indian villages showcase the country's rich culture and customs. Most Indians live in villages, (1)_______ agriculture, modest living and close-knit communities are the norms. Villagers wake up to roosters crowing and farm (2)_____ day. Farming is the main employment, and generations labour (3)____ the same land. Traditions, communal events and a slower pace (4)_____ village life from metropolitan life. Villagers' togetherness and shared duty make it part of India's identity, (5)_____ the lack of contemporary conveniences.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). towards B). after C). all D). before

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indian villages showcase the country's rich culture and customs. Most Indians live in villages, (1)_______ agriculture, modest living and close-knit communities are the norms. Villagers wake up to roosters crowing and farm (2)_____ day. Farming is the main employment, and generations labour (3)____ the same land. Traditions, communal events and a slower pace (4)_____ village life from metropolitan life. Villagers' togetherness and shared duty make it part of India's identity, (5)_____ the lack of contemporary conveniences.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). in B). with C). on D). at

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indian villages showcase the country's rich culture and customs. Most Indians live in villages, (1)_______ agriculture, modest living and close-knit communities are the norms. Villagers wake up to roosters crowing and farm (2)_____ day. Farming is the main employment, and generations labour (3)____ the same land. Traditions, communal events and a slower pace (4)_____ village life from metropolitan life. Villagers' togetherness and shared duty make it part of India's identity, (5)_____ the lack of contemporary conveniences.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). distinguish B). compare C). equate D). balance

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indian villages showcase the country's rich culture and customs. Most Indians live in villages, (1)_______ agriculture, modest living and close-knit communities are the norms. Villagers wake up to roosters crowing and farm (2)_____ day. Farming is the main employment, and generations labour (3)____ the same land. Traditions, communal events and a slower pace (4)_____ village life from metropolitan life. Villagers' togetherness and shared duty make it part of India's identity, (5)_____ the lack of contemporary conveniences.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). instead of B). in spite C). beside D). despite

**Correct Answer: D**